हर इंसान-एक समान | एक राष्ट्र-एक जान | मेरा भारत महान

# समता आन्दोलन समिति (रजि.)

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु
समता आन्दोलन
हर इन्सान-एक समान
पढ़ो और आगे बढ़ो

प्रान्तीय कार्यालय :जी-3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9-10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

Website :www.samtaandolan.co.in Email :samtaandolan@yahoo.in

माननीय श्री पानाचन्द जैन
संरक्षक ( पूर्व न्यायाधिपति )

माननीय श्री करण सिंह राठौड़
संरक्षक ( पूर्व न्यायाधिपति )

माननीय श्री भागीरथ शर्मा
संरक्षक ( पूर्व आई. ए. एस. )

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 094133-89665

रामनिरंजन गोड़
महासचिव , मो. 094144-08499

विमल चौरड़िया
महासचिव , मो. 094140-58289

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष , मो. 094140-95368

प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :-

जयपुर
ऋषिराज राठौड़
मो. 9694348039

अजमेर
एन. के.झामड़
मो. 9414008416

बीकानेर
वाई. के. योगी
मो. 9414139621

भरतपुर
हेमराज गोयल
मो. 9460926850

जोधपुर
कैलाश राजपुरोहित
मो. 8963095311

कोटा
डॉ. अनिल शर्मा
मो. 9414662244

उदयपुर
दूल्हा सिंह चूण्डावत
मो. 9571875488

क्रमांक                                                  दिनांक : 14.04.2024

श्रीमान् ——————

संभागीय अध्यक्ष / सचिव, जिलाध्यक्ष / सचिव, तहसील अध्यक्ष / सचिव, प्रकोष्ठ अध्यक्ष / सचिव
समता आन्दोलन समिति
——————

## स्थापना महोत्सव माह–2024

( दिशा - निर्देश )

साथियों

जय समता। आगामी 11 मई 2024 को समता आन्दोलन समिति की स्थापना को 16 वर्ष पूर्ण हो रहे है। समता आन्दोलन की स्थापना दिनांक 11 मई 2008 को जवाहर कला केन्द्र, जयपुर के बगीचें में कुल ग्यारह संस्थापक सदस्यों की पूर्वाहन 11.00 बजे शुरू हुई बैठक में की गई थी। कुल ग्यारह साल के छोटे से कार्यकाल में समता आन्दोलन सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और सहयोग से पूरे भारतवर्ष में अपनी किस्म का सबसे बडा गैर–राजनैतिक संगठन बन गया है। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी समता आन्दोलन के स्थापना दिवस 11 मई के उपलक्ष में सभी प्रदेश, सम्भाग, जिला व तहसील मुख्यालयों पर " स्थापना महोत्सव माह " धूमधाम से मनाया जाना है । स्थापना महोत्सव को जनजागरण अभियान के रूप में मनाया जाना है। अतः पूरे प्रदेश में स्थापना दिवस एकरूपता से मनाया जावें और समता आन्दोलन की प्रगति व उन्नति के लिए सभी कार्यकर्ताओं की दुआएँ संघीभूत होकर क्रियान्वित हों, इसके लिए निम्न कार्यक्रम प्रत्येक प्रदेश, सम्भाग, जिला व तहसील मुख्यालय के लिए निर्धारित किये गये हैं:–

(1) दिनांक 1 मई से 31 मई 2024 के मध्य किसी एक दिन (अपनी सुविधानुसार) सामूहिक बैठक / सभा करके स्थापना महोत्सव मनावें। इस बैठक / सभा में अधिक से अधिक लोगों को बुलाया जावें। सभी को समता आन्दोलन का "नीतिपत्र"(समता आन्दोलन के बेबसाइट से ' **About us** ' शीर्षक से प्रिन्टआउट लेंवे ) पढकर सुनाया जावें तथा एक–एक फोटोप्रति सभी को वितरित की जावें।

(2) मुख्यालय / अपनी बेबसाइट से अब तक की गतिविधियों की जानकारी लेकर इस बैठक में दी जावें, फोटोप्रतियाँ वितरित की जावें।

(3) यह आयोजन आपसी सहयोग से आयोजित किया जावें, सहयोग राशि रू.100 / –, 200 / –, 500 / –(यथा शक्ति) के कूपन पर एक या दो व्यक्तियों को सहभोज करने हेतु आमन्त्रित किया जावें । कूपन का मजमून बेबसाइट से अथवा प्रदेश मुख्यालय से लेंवे। तहसील स्तर पर कम से कम 200 व्यक्ति, जिला स्तर पर कम से कम 1000 व्यक्ति तथा प्रदेश स्तर पर कम से कम 2000 व्यक्ति आवश्यक रूप से बुलाये जावें।

(4) सम्भाग / जिला मुख्यालय पर यदि पदाधिकारी चाहें तो आयोजन में प्रदेश स्तर का कोई पदाधिकारी भी भेजा जा सकता है। इसके लिए तत्काल सूचित करें।

(5) सहभोज का मैन्यु साधारण रखें जैसे दाल / कढी, चावल एंव हलवा अथवा पूरी, सब्जी, बूंदी बस। भोजन का मैन्यु नहीं, बल्कि एक साथ एकत्र होकर सहभोज करना महत्वपूर्ण है। भोजन का समय सामूहिक बैठक के बाद रखा जावें।

लगातार ....पृष्ठ 2 पर

# समता आन्दोलन समिति (रजि.)

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे भद्राणी पश्यन्तु
समता आन्दोलन
हर इन्सान-एक समान
पढ़ो और आगे बढ़ो

प्रान्तीय कार्यालय :जी-3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9-10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

Website :www.samtaandolan.co.in Email :samtaandolan@yahoo.in

माननीय श्री पानाचन्द जैन
संरक्षक ( पूर्व न्यायाधिपति )

माननीय श्री करण सिंह राठौड़
संरक्षक ( पूर्व न्यायाधिपति )

माननीय श्री भागीरथ शर्मा
संरक्षक ( पूर्व आई. ए. एस. )

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 094133-89665

रामनिरंजन गोड़
महासचिव , मो. 094144-08499

विमल चौरड़िया
महासचिव , मो. 094140-58289

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष , मो. 094140-95368

प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :-

जयपुर
ऋषिराज राठौड़
मो. 9694348039

अजमेर
एन. के.झामड़
मो. 9414008416

बीकानेर
वाई. के. योगी
मो. 9414139621

भरतपुर
हेमराज गोयल
मो. 9460926850

जोधपुर
कैलाश राजपुरोहित
मो. 8963095311

कोटा
डॉ. अनिल शर्मा
मो. 9414662244

उदयपुर
दूल्हा सिंह चूण्डावत
मो. 9571875488


क्रमांक दिनांक :



(6) इस कार्यक्रम में आपके क्षेत्र के सभी दलों महत्वपूर्ण राजनेता (प्रदेशाध्यक्ष, मंत्री/एम.पी/एम. एल.ए./जिला प्रमुख/प्रधान/जिलाध्यक्ष/तहसील अध्यक्ष आदि) को जरूर बुलावें। उनके मार्फत एक ज्ञापन अधिकतम हस्ताक्षरयुक्त माननीय मुख्यमंत्री/उनके पार्टी अध्यक्षों को भिजवाये। ज्ञापन का मजमून वेबसाइट से लेवें। कार्यक्रम में जो राजनेता आये हो उन्हें कार्यक्रम के बाद शिष्टमण्डल के साथ जाकर धन्यवाद देकर आवें तथा जो नहीं आये हो उन्हें विनम्रता से अपनत्व भरा उलाहना देकर आवें।

(7) इस कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक आदि संगठनों के अधिकतम लोगों को भी आमंन्त्रित करें ताकि उन्हें समता आन्दोलन की रीति नीति के बारे में व्यापक जानकारी मिल सकें । राजकीय अथवा निजी क्षेत्र के बडें अधिकारियों को भी आमन्त्रित करें।

(8) प्रिन्ट एंव इलेक्ट्रोनिक मीडिया के लोगों को भी आमन्त्रित करें।

(9) कृपया आमंत्रित राजनेताओं के मार्फत माननीया मुख्यमंत्री को अथवा उनके पार्टी अध्यक्षों कोभेजे गये अधिकतम हस्ताक्षरयुक्त पूरे ज्ञापनों की फोटो प्रति प्रदेश मुख्यालय को जरूर भेजें। ज्ञापन का मजबून समता आन्दोलन की बेवसाइट से डाउनलोड कर लेवें।

(10) सफल आयोजन के लिए अधिकतम लोगों का आना सुनिश्चित करें जिसके लिए बडा परिश्रम करते हुए अधिकतम कूपन (रू.100/–वाले) वितरित किये जावें।

(11) सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग करें। प्रत्येक जिला व तहसील मुख्यालय पर वाट्सअप के कमशः 10–10 व 5–5 ग्रुप अधिकतम राष्ट्रवादियों को शामिल करते हुये समता आन्दोलन समिति के नाम से बनावें और भरपूर प्रचार प्रसार करें।

(12) कार्यक्रम पूरा होने पर कार्यक्रम में आये लोगों के नाम व मोबाईल नम्बर, प्रेस कवरेज की कटिंग्स आदि की सूचना प्रदेश मुख्यालय को अवश्य भेजें ताकि यह जानकारी बैबसाईट पर अपलोड की जा सकें कि कौन सी सम्भाग, जिला या तहसील इकाई कितनी कियाशील है।

(13) कोई प्रदेश, संभाग, जिला या तहसील इकाई किसी नई थीम पर स्थापना महोत्सव मनाना चाहे तो वे नई थीम पर भी स्थापना महोत्सव मना सकते है। कृपया नई थीम पर मनाये गये स्थापना महोत्सव की जानकारी हमें जरूर भेजे।

कार्यक्रम की सफलता के लिए आप सभी को अग्रिम शुभकामनाएँ। सभी पूरे जोश से अपने क्षेत्र के कार्यक्रम को सफल बनावें ।

आपका शुभाकॉक्षी,

पाराशर नारायण
अध्यक्ष